शीर्ष प्राथमिकता/तत्काल

संख्या-53/1176/78-1-2013-67/2013

प्रेषक,

निर्मला श्रीवास्तव
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक
यू0पी0एल0सी0
लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 3 दिसम्बर 2013

विषय:- वित्तीय वर्ष 2013-14 में आईटी सिटी के मद में प्राविधानित धनराशि रू0 50,00,000/- की वित्तीय की स्वीकृति जारी किये जाने के सम्बनध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सख्या:यूपीएलसी:आईसीपी:9064(2013-14), दिनांक 24 अक्टूबर, 2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में वित्त विभाग द्वारा यह पृच्छा की गयी है कि "यदि आई0टी0 सिटी की स्थापना हेतु प्रश्नगत कन्सलटेन्ट का चयन नियमानुसार एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करते हुए औद्योगिक विकास अनुभाग-3 के शासनदेश दिनांक 13-02-2009(प्रतिसंलग्न) में उल्लिखित समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति हो रही हो तो भुगतान हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से अनुरोध किया जा सकता है।"

3- अत: वित्त विभाग द्वारा की गयी पृच्छा एवं औद्योगिक विकास अनुभाग-3 द्वारा निर्गत शासनदेश 13 फरवरी, 2009 में उल्लिखित प्राविधानों के क्रम में अपनी आख्या कृपया शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीया,

(निर्मला श्रीवास्तव)
अनु सचिव।